प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने दिवाली और छठ पर रेल यात्रियों को दी बड़ी सौगात, देश भर में चलेंगी 12 हजार विशेष रेलगाड़ियां, कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी।।
- सारंडा को सेंक्चुरी घोषित करने के मामले में झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया शपथ पत्र, आज होगी सुनवाई।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची स्थित आवास पर दो शहीदों के परिवारों को करेंगे सम्मानित, सौंपेंगे एक करोड़ दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि।
- राज्य सरकार की अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए बड़ी पहल, नीट और जेईई की दी जायेगी निःशुल्क कोचिंग।
- नीति आयोग के फाइनेंशियल इंक्लूजन चौलेंज में पाकुड़ जिले ने देशभर में हासिल किया दूसरा स्थान, कल मसूरी में किया जायेगा सम्मानित।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट की बैठक में चार नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इसके अलावा केन्द्र सरकार ने दिवाली और छठ पर रेल यात्रियों को बड़ी सौगात देते हुए 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। यह जानकारी रेल मंत्री अश्वीनी वैष्णव ने दी है।

****

सारंडा को सेंक्चुरी घोषित करने के मामले को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस दौरान झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार शीर्ष अदालत में उपस्थित रहेंगे। वहीं राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दायर कर बताया कि पूरे सारंडा को वन अभ्यारण्य बनाने से राज्य के सामने कई सामाजिक चुनौतियां आ सकती हैं।

****

इस बीच झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार वन और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सारंडा मामले पर सरकार सर्वमान्य हल निकालने की दिशा में प्रयासरत है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दो शहीद जवानों के परिजनों को रांची स्थित अपने आवास पर सम्मानित करेंगे। प्रत्येक शहीद के परिजनों को वे एक करोड़ दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि चार सितंबर को पलामू जिले के मनातू थाना अंतर्गत केदल जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जिला पुलिस बल के दो जवान सुनील राम और संतन मेहता शहीद हो गये थे।

****

राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए एक बड़ी पहल की है। अब राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोटा के प्रतिष्ठित मोशन एजुकेशन संस्थान की मदद से नीट और जेइइ जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग राज्य में ही प्राप्त कर सकेंगे। पहले चरण में लगभग 300 छात्रों को इस योजना का लाभ मिलेगा। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इसे झारखंड के विद्यार्थियों के लिए बड़ा अवसर बताया।

****

धनबाद पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकमोड़ थाना क्षेत्र स्थित एक होटल से 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि आरोपियों के पास से 5 लाख 80 हजार रुपये नकद, 17 मोबाइल, 23 बैंक एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप और एक एप्पल आईपैड बरामद किया गया है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****

नीति आयोग द्वारा आयोजित नीति फोर स्टेट चैलेंज में पाकुड़ जिले ने देशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। फाइनेंशियल इंक्लूजन कैटेगरी में पाकुड़ जिले को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर डीसी मनीष कुमार ने कहा कि यह सफलता पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में पाकुड़ जिले को सम्मानित किया जाएगा।

****

उपराजधानी दुमका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल, स्वदेशी और महिला स्वावलंबन के संकल्प को पूरा करने में खादी पार्क अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि जीएसटी सुधारों से पंजाब की अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ होगा।

****

राष्ट्र आज भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ मना रहा है। 8 अक्टूबर 1932 को स्थापित इस महत्वपूर्ण अवसर ने वायु शक्ति के एक ऐसे दृष्टिकोण की शुरुआत की जिसने आने वाले दशकों तक देश की रक्षा को आकार दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के अकबर रोड स्थित एयर हाउस में भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगी।

****

10 से 14 अक्टूबर तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित होने वाली 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए साहिबगंज जिले के 5 एथलीटों को झारखंड टीम में शामिल किया गया है। जिले के उपायुक्त ने टीम में शामिल विवेक यादव, परमा हांसदा, संतोष मुर्मू, एमानुएल किस्कू और हुस्न आरा प्रवीण को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

****

अख़बारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सारंडा मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई की खबर को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिहार चुनावः तेजस्वी से मिले झामुमो नेता, सात सीटों पर दावा।
- प्रभात खबर ने लिखा है– नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 12 को, इस बार पैटर्न बदला गया।
- हिन्दुस्तान लिखता है– झारखंड में 50 साल पुराने बांधों की होगी मरम्मत।
- दैनिक जागरण के शब्द हैं– सीएम हेमंत के दिल्ली आवास से जब्त बीएमडब्लू छोड़ने का आदेश।

****